20/08/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी भारत को आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में आगे ले जाएगी। उन्होंने यह बात आज नई दिल्ली में जीएसटी परिषद द्वारा क्षतिपूर्ति उपकर, स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा, तथा कर दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्रिसमूह (जीओएम) को संबोधित करते हुए कही।

0000000000000000000000

आज राजभवन, ईटानगर स्थित विवेकानंद हॉल में आयोजित एक समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने जस्टिस रिटायर्ड प्रशांत कुमार देका को अरुणाचल प्रदेश लोकायुक्त के चेयरपर्सन और रिटायर्ड आईएएस इंजीनियर सांग फुंसोक को इसके मेम्बर के रूप में शपथ दिलाई। बाद में, चेयरपर्सन ने राज्यपाल से मुलाकात की। बातचीत के दौरान, राज्यपाल ने लोकतांत्रिक शासन को मजबूत करने में लोकायुक्त संस्था के सार और महत्व पर प्रकाश डाला।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कल ईटानगर में कोहोर्ट 3.0 को ग्रेजुएशन सेर्टिफ़िकट और कोहोर्ट 4.0 स्टार्टअप्स को प्राइज़ मनी प्रदान करते हुए यह घोषणा की है कि, अरुणाचल प्रदेश इनोवेशन एंड इन्वेस्टमेंट पार्क

परिसर का विस्तार करेगी ताकि वर्तमान में प्रति वर्ष 50 से अधिक उद्‌यमियों को समायोजित किया जा सके।

0000000000000000000000

IMC मेयर तामे फ़ासांग ने आज ईटानगर में IMC कॉर्पोरेटर्स एवं अधिकारियों के साथ एक व्यापक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में ईटानगर नगर निगम के तत्वावधान में विभिन्न परियोजनाओं और विकास पहलों की प्रगति और कार्यान्वयन पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक का उद्देश्य निर्बाध कार्यान्वयन सुनिश्चित करना, चुनौतियों का समाधान करना और शहर के विकास के लिए सहयोगात्मक प्रयासों को बढ़ावा देना था।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश महिला कल्याण समिति ने बहुविवाह के खिलाफ विधायक होनचुन ङांदाम के रुख की सराहना की है। विधानसभा के विशेष सत्र में बोलते हुए, श्री ङांदाम ने साथी विधायकों और जनता से बहुविवाह को अस्वीकार करके, पारिवारिक जिम्मेदारी निभाते हुए एक सकारात्मक उदाहरण स्थापित करने की अपील की थी। इस बीच, APWWS अध्यक्ष कानी नादा मालिंग ने विधानसभा में इस महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाने के लिए विधायक होनचुन ङांदाम की सराहना की है और अन्य निर्वाचित नेताओं से लैंगिक समानता, महिला अधिकारों और परिवार कल्याण के लिए साथ देने का आह्वान किया है।

0000000000000000000000

साशल स्टडीस, मैथमैटिक्स और साइंस में शिक्षण कौशल को मजबूत करने के उद्देश्य से राज्य सरकार के राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (SCERT) द्वारा आज तवांग में, वेस्ट कामेंग, तवांग और बिछोम जिलों के टीजीटी के लिए तीन दिवसीय क्षमता निर्माण आउटरीच कार्यक्रम शुरु हुआ। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय/राज्य पाठ्यक्रम ढाँचे के अनुरूप योग्यता-आधारित मूल्यांकन और स्पेसिफ़िक सबजेक्त पेडागोजी पर केंद्रित है ताकि परीक्षा की तैयारी बेहतर हो सके। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 91 टीजीटी भाग ले रहे हैं।

0000000000000000000000

ऑर्गेनिक बागवानी को बढ़ावा देने और स्थानीय किसानों के उत्पादन एवं आय को बढ़ाने की दिशा में एक मत्वपूर्ण कदम के तहत आज तवांग जिले में केंद्र प्रायोजित योजना, समन्वित बागवानी विकास मिशन (MIDH) के प्रमुख घटक, वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तत्वावधान में एक व्यापक बागवानी जागरूकता सह इनपुट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, जिले की सहायक आयुक्त-सह-डीपीओ, सांगे वांगमु मोसोबी ने किसानों के लिए आय के एक स्थायी स्रोत के रूप में ऑर्गेनिक बागवानी को अपनाने के महत्व पर ज़ोर दिया। कार्यक्रम में जिले भर के 117 किसान परिवार लाभान्वित हुए।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज अरुणाचल प्रदेश के 18 जिलों तवांग, ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, पाके केसांग, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, लेपा रादा, सियांग, ईस्ट सियांग, वेस्ट सियांग, लोअर सियांग, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, नामसाई, आंजाव, लोहित, चांगलांग और तिराप के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलो में अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश होने की संभवना है।

0000000000000000000000

भारतीय सेना की स्पीयर कोर ने आज लिकाबाली सैन्य स्टेशन से माउंट गोरीचेन के लिए एक पर्वतारोहण अभियान को हरी झंडी दिखाई। जिसमें भारतीय सेना के जवानों की एक टुकड़ी शामिल है। इस अभियान का उद्देश्य शारीरिक सीमाओं का परीक्षण करना, टीम वर्क को बढ़ावा देना और राज्य के युवाओं को साहसिकता, अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव के लिए प्रेरित करना है।

0000000000000000000000

नामसाई विधायक चाउ ज़िंगनु नामचूम ने कल लेह-लद्दाख स्थित माउंट कांग यात्से-II के लिए टीम अरुणाचल समर एक्सपेडिशन 2025 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस टीम में छह प्रशिक्षित पर्वतारोही शामिल हैं, जिनका नेतृत्व एवरेस्टर तागिट सोरांग कर रहे हैं, जिन्होंने दिरांग स्थित निमास से प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

0000000000000000000000

तीन साल के अंतराल के बाद आज से तवांग में आठवां दोरजी खांडू मेमोरियल जिला स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट शुरू हुआ और शनिवार तक जारी रहेगा। इस टूर्नामेंट में तवांग जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों से तीन क्लब भाग ले रहे हैं। टूर्नामेंट के दौरान, 21 स्पर्धाओं में 111 से ज़्यादा मैच खेले जाएँगे, जिनमें एक विशेष अंडर-19 वर्ग भी शामिल है, जिसका उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को निखारना और उन्हें उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है।

0000000000000000000000